Name		Roll Number	

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
FIRST TERM EXAMINATION 2018-19
HINDI (THIRD LANGUAGE)

CLASS: V ___ **MODEL PAPER** Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

प्रश्न Marks

प्रश्न 1 दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए। ½x6=3

(क) घर पर कौन अकेला रह गया ?
(i) चाची (ii) मामी (iii) दादी

(ख) तालाब में कौन रहती थीं ?
(i) मछलियाँ (ii) चिड़ियाँ (iii) बकरियाँ

(ग) व्यापारी के पास कितने सोने के सिक्के बचे थे ?
(i) सौ (ii) पचास (iii) तीस

(घ) चंदा मामा कहाँ गए थे ?
(i) ऑफ़िस (ii) स्कूल (iii) कचहरी

(ङ) रोहित ने परी को क्या बजाकर खुश किया ?
(i) गिटार (ii) सितार (iii) बाँसुरी

(च) बगुला किसका वेश बनाए हुए बैठा था ?
(i) पुजारी का (ii) पादरी का (iii) साधु का

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। 1x3=3

(क) पानी (ख) शतरंज (ग) पेड़

प्रश्न 3 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए । 1x8=8

(क) दीया (ख) सहेली (ग) भले (घ) हवेली
(ङ) जी (च) निशा (छ) हार (ज) जंगल

प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ के आधार पर कीजिए। 1x3=3

(क) बगुला __________ से कराह उठा।
(ख) रोहित को __________ करना अच्छा नहीं लगता था।
(ग) खाली हाथ पिता के पास लौटने की रोहित की __________ नहीं हुई।

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। 2x7=14

(क) व्यापारी को क्या चिंता सताती रहती थी ?
(ख) बगुला क्या उपाय सोच रहा था ?
(ग) निशा मामी को रोता देखकर चंदा मामा ने क्या किया ?
(घ) रोहित कैसा लड़का था ?

(ङ) मछली ने तालाब का कैसा वर्णन किया ?
(च) 'चंदा मामा' कविता के कवि कौन हैं ?
(छ) परी ने रोहित को इनाम में क्या दिया ?

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । (only 3) 3x3=9

(क) रोहित ने कमाए हुए पैसों का क्या किया ?
(ख) तालाब के किनारे कौन रहता था और वह कैसा था ?
(ग) निशा मामी खुश होकर कहाँ-कहाँ नाचीं ?
(घ) व्यापारी ने रोहित को क्या समझाया ?

प्रश्न 7

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से चार संज्ञा शब्दों को पहचानकर लिखिए। ½x4=2

(i) मैंने आगरा में ताजमहल देखा।
(ii) राधिका आम खाती है।

(ख) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। 1x2=2

(i) देश (ii) बगीचा

प्रश्न 8

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से छह सर्वनाम शब्दों को पहचानकर लिखिए। ½x6=3

(i) उसने अपना काम पूरा कर लिया है।
(ii) मुझे तुम्हारी मदद चाहिए।
(iii) आप किसके साथ दिल्ली जा रहे हैं ?

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए। 1x3=3

(i) _________खेलने जा रहा हूँ।
(ii) दूध में _________गिर गया है।
(iii) _________नाम क्या है?

प्रश्न 9

(क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए। ½x6=3

(i) पिता (ii) बैल (iii) मालिक (iv) लेखक (v) बालक (vi) शेर

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए। 1x3=3

(i) **<u>नौकर</u>** घर की सफ़ाई कर रहा है।
(ii) अचानक **<u>घोड़ा</u>** तेज दौड़ने लगा ।
(iii) **<u>रानी</u>** महल में घूम रही है।

प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 1x5=5

(क) रोना (ख) उदास (ग) विशाल (घ) नया (ङ) दाएँ

प्रश्न 11

(क) निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए। 1x2=2

(i) हम खाना खाते हैं।
(ii) मैं तेज़ दौड़ता हूँ।

(ख) **निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी भाषा में अनुवाद कीजिए।** 1x2=2

(i) We play chess.

(ii) She plucks flower.

प्रश्न 12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक घने जंगल में एक शक्तिशाली हाथी रहता था। वह बहुत शरारती था। जंगल के सभी जानवर हाथी से बहुत डरते थे। गीदड़ तो उससे बहुत परेशान थे, क्योंकि उनके बच्चे हाथी के पाँव (leg) के नीचे कुचले जाते थे। वे हमेशा यही सोचते थे कि किसी तरह यह हाथी मर जाए तो उनके बच्चों के जीवन की रक्षा हो सके। एक दिन सरकस के लोग जंगल में आए। उन्होंने हाथी को तालाब में नहाते हुए देखा और उसे पकड़कर ले गए। यह ख़बर सुनकर जंगल के सभी जानवर बहुत ख़ुश हो गए।

<u>प्रश्न</u>

(क) एक घने जंगल में कौन रहता था? 1

(ख) हाथी से कौन डरता था? 1

(ग) हाथी के पाँव के नीचे कौन कुचले जाते थे? 1

(घ) जंगल में कौन आया? 1

(ङ) उपरोक्त गद्यांश में से दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द ढूँढ़कर लिखिए - **1** वन **2** समाचार ½+½

प्रश्न 13 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 50-60 शब्दों में निबंध लिखिए। 10

(क) मोर (ख) हमारा राष्ट्रीय ध्वज (ग) मेरा प्रिय पशु